भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्याः 5809 **/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0नि0/2023–24,** **दिनांक** 01 ~~जनवरी~~ फरवरी, **2024**

तकनीकी निविदा का परिणाम

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4842/र0ख0ला0/ई0नी0/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 4895/03_DDN/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 19.12.2023 के द्वारा जनपद देहरादून की तहसील विकासनगर के ग्राम रूद्धपुर, गौना नदी के खसरा संख्या 2071अ मध्ये कुल रकवा 1.80है0 उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 48600 टन एवं आधार मूल्य रू0 34,02,000.00 निर्धारित करते हुए, उपखनिज क्षेत्र को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 10.01.2024 (बुधवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी, जिसमें न्यूनतम 03 अर्ह निविदादाता प्राप्त न होने के कारण निदेशालय के आदेश संख्या 5484/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0 नि0/2023–24, दिनांक 12.01.2024 के द्वारा उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रण किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

उक्त लॉट की निविदा आमंत्रण संख्या 5542/03_DDN/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 18 जनवरी, 2024 के द्वारा पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसकी तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी। निविदा समिति की संस्तुति दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) के अनुसार जनपद देहरादून की तहसील विकासनगर के ग्राम रूद्धपुर, गौना नदी के खसरा संख्या 2071अ मध्ये कुल रकवा 1.80है0 उपखनिज क्षेत्र में दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदाताओं का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम	तकनीकी निविदा का परिणाम
1	*2*	*3*
1.	श्री अंकित जैन	अभिलेख पूर्ण, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली, 2017 के नियम–20(16) के प्राविधानानुसार वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।

अतः राजस्व एवं विकास हित में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली, 2017 के **नियम–20 "अधिप्राप्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा, निष्पक्षता बनाये रखना तथा स्वेच्छापारिता दूर करना" के उपनियम–16** के प्राविधान के अन्तर्गत निविदा समिति की संस्तुति के क्रम में उक्त उपखनिज लॉट में उपरोक्त वर्णित तालिकानुसार तकनीकी निविदा में सफल घोषित निविदादाता की वित्तीय निविदा खोले जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उक्तानुसार उक्त लॉट की वित्तीय निविदा दिनांक 02.02.2024 (शुक्रवार) समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, मुख्यालय, भोपालपानी, देहरादून में खोली जायेगी।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक

संख्याः 5809 **/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0 परि0/2023–24, तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. उपरोक्त लॉट की तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि दिनांक 02.02.2024 (शुक्रवार) समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से खोली जायेगी, जिसमें सम्बन्धित निविदाकार के द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक